मध्य प्रदेश में राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी का पदभार ग्रहण

एनआईसी मध्य प्रदेश में नए राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी श्री कमलेश जोशी, वरिष्ठ निदेशक (आईटी) ने 31 दिसम्बर 2024 को कार्यभार ग्रहण किया । उन्होंने श्री विजय कुमार विश्वकर्मा, डीडीजी से पदभार ग्रहण किया, जिन्हें एनआईसी मुख्यालय, नई दिल्ली मे पदस्थ किया गया है।

श्री विजय विश्वकर्मा , डीडीजी एवं श्री कमलेश जोशी, राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, मध्य प्रदेश

एनआईसी मध्य प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों ने राज्य केंद्र भोपाल में एक औपचारिक बैठक में पूर्व एसआईओ को विदाई दी और अपने नए एसआईओ का गर्मजोशी से स्वागत किया। जिला सूचना विज्ञान केंद्रों में तैनात अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए।

अपना नया कार्यभार संभालने के बाद नवनियुक्त एसआईओ द्वारा अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ प्रदेश के राज्यपाल माननीय श्री मंगु भाई जी पटेल महोदय से राजभवन स्थित उनके कार्यालय मे शिष्टाचार भेट की गई तथा उन्हे NIC की विभिन्न परियोजनाओं के संबंध मे जानकारी से अवगत कराया गया |

राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन; ए सी एस , सामान्य प्रशासन विभाग व विज्ञान और तकनीकी विभाग श्री संजय दुबे ; तथा प्रमुख सचिव, विधान सभा श्री ए पी सिंह के साथ भी सौजन्य भेंट की एवं राज्य के विभिन्न e -गवर्नेन्स परियोजनाओ तथा ICT परिदृश्य मे एनआईसी की अग्रणी भूमिका के संबंध में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

संकलन :- सुषमा मिश्रा , वैज्ञानिक F